**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-24 का उत्तर ।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 24(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद की ग्राम सभा कैथाबारी में ओम प्रकाश के मकान से राकेश के मकान तक की दूरी जो लगभग 250 मीटर है का मार्ग बहुत ही खराब अवस्था में है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद की ग्राम सभा कैथाबारी में ओम प्रकाश के मकान से राकेश के मकान तक की दूरी लगभग 55 मीटर है। उक्त मार्ग पर खडण्जा लगा हुआ है, जो कि कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण करायेंगे ? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नव निर्माण/अनुरक्षण हेतु विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण उक्त कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ग) | यदि हां, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।